PVG's

Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

Formative Written Test - I (2024 - 2025)
Standard - VIII

Subject - Hindi (Composite)	**Marks - 10**
Date - 8.8.2024	**Time - 9.30 a.m. to 10.45 a.m.**

सूचना :– शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

विभाग १ - गद्य

कृति १ निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

जंगल में न मालूम किस - किस तरह के जीव रहते हैं । सुना है, उनमें छोटे - छोटे बालिश्त भर के आदमी भी होते हैं । उनके दाढ़ी, मुँह आदि सब कुछ होते हैं मगर होते हैं बस खूँटी ही - से । हम - तुम जैसा कोई आदमी उनकी बस्ती में चला जाए तो उसे बड़ी हैरत से देखते हैं कि यह करता क्या है । लेकिन वे हम लोगों से जरा अच्छे होते हैं क्योंकि उनके लड़के किसी परदेशी को सताते नहीं, न तालियाँ बजाते हैं और न पत्थर फेंकते हैं । खुद हमारे यहाँ भी अच्छे बच्चे ऐसा नहीं करते लेकिन उनके यहाँ तो सभी अच्छे होते हैं ।

खैर, लकड़हारा जंगल में लकड़ियाँ बीन रहा था तो एक मियाँ बालिश्तिये भी कहीं बैठे उसे देख रहे थे । मियाँ बालिश्तिये ने जो देखा कि यह बार - बार हाथ में कुछ फूँकता है तो सोचने लगे कि यह क्या बात है । जब कुछ समझ में न आया तो वे अपनी जगह से उठे और कुछ दूर चलकर फिर लौट आए । मालूम नहीं पूछने से यह आदमी कहीं बुरा न माने । मगर फिर न रहा गया । आखिर ठुमक - ठुमककर लकड़हारे के पास गए और कहा, ''सलाम भाई, बुरा न मानो, तो एक बात पूछूँ ?''

अ) आकृति पूर्ण कीजिए । (१)



आ) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । (१)

१) जंगल = [ ]

२) हाथ = [ ]

इ) निम्नलिखित विरामचिह्नों के नाम लिखिए । (१)

चिह्न नाम

अ) [।] = [ ]

ब) [,] = [ ]

ई) अभिव्यक्ति -

'लकड़हारों का जीवन' इस विषय पर अपने विचार ६ - ८ पंक्तियों में लिखिए । (२)

विभाग -२ पद्य

कृति २ निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

जलाते हो क्यों तुम दीप स्नेह भर - भर,
अपने दिलों के दीप तो जलाओ ।
सजाते हो तुम सब उजालों से घर क्यों,
अँधेरे हृदय में उजाला तो लाओ ।

कहीं तो दीवाली, कहीं सूनापन है,
कहीं झूमें खुशियाँ कहीं गम ही गम है,
उन दीन - दुखियों के दुख को मिटाओ,
अपने दिलों के दीप तो जलाओ ।

न फुलझड़ियाँ चमकाओ, न फोड़ो पटाखे,
भोजन नहीं जिनके, दे आओ जा के ।
उनके जखमों पर मलहम लगाओ,
अपने दिलों का दीप तो जलाओ ।

क) i) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (१)

१) अपना X ☐

२) दुख X ☐

ii) निम्नलिखित शब्दों के वचन पहचानकर लिखिए । (१)

१) फुलझड़ियाँ - ☐

२) पटाखा - ☐

ii) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए । (१)

१) दीवाली - ☐

२) दीप - ☐

iv) अभिव्यक्ति -

जलाते हो क्यों तुम दीप ....

.... हृदय में उजाला तो लाओ ।

उपर्युक्त प्रथम चार पंक्तियों का सरल अर्थ ६ - ८ पंक्तियों में लिखिए । (२)

❖❖❖